TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

20 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आपको अपने जीवन के सर्वोत्तम दिन कमाने के लिए कुछ बुरे दिनों से लड़ना होगा।

**मैरीकॉम**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 20 अगस्त

1. **सद्भावना दिवस–** प्रतिवर्ष 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। सद्भावना का तात्पर्य है दूसरों के प्रति अच्छी भावना रखना। देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह जाति, धर्म, संप्रदाय, क्षेत्र, भाषा को ध्यान में न रखते हुए इंसानियत को सर्वोपरि माने। आपको यह भी बता दूँ राजीव गांधी की समाधि स्थल वीरभूमि के नाम से जानी जाती है जो कि दिल्ली में स्थित है। वे स्वयं एक युवा प्रधानमंत्री थे और चाहते थे कि भारत एक विकसित और आत्मनिर्भर देश बने। आपको यह भी जानना चाहिए कि इस दिवस को **भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस** के रूप में भी मनाया जाता है।

2. **मच्छर दिवस–** सर रोनाल्ड रॉस ने मलेरिया परजीवी की खोज की थी इसलिए इस दिन को मच्छर दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस दौरान रॉस कलकत्ता के प्रेसीडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम कर रहे थे। मच्छर के काटने से चिकनगुनिया, डेंगु, मलेरिया, जापानी इंसेफलाइटिस आदि बीमारियां हो सकती है। अब आपको कुछ जानकारियां भी दे दूँ कि मच्छर का औसत जीवन काल लगभग 2 महीने ही होता है। वहीं मादा मच्छर नर मच्छर के मुकाबले ज्यादा दिन जीता है। मादा मच्छर हर तीन दिन में अंडे देते हैं और इसके लिए उन्हें खुन की आवश्यकता होती है। एक मच्छर लगभग 500 से अधिक अंडे देती है। पुरी दुनिया में मच्छरों कर लगभग साढ़े तीन हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। तो बच के रहना रे बाबा... सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें।

3. **ब्रह्म समाज की स्थापना–** 'भारतीय पुर्नजागरण के जनक' राजाराम मोहनराय द्वारा कोलकाता में ब्रह्मसमाज की स्थापना 20 अगस्त, 1828 को किया गया था। इसे हिन्दु धर्म का प्रथम सुधार आंदोलन माना जाता है।

4. **पैराशुट के सहारे उतरने वाले पहले पायलट–** फ्रांस के एडोल्फ पैगोड 20 अगस्त, 1913 को पैराशुट के सहारे उतरने वाले पहले पायलट बन गए।

5. **मोपला विद्रोह की शुरूआत–** 20 अगस्त, 1921 ई. को ही भारत के राज्य केरल में मालाबार में मोपला मुसलमानों द्वारा स्थानीय जमींदारों और ब्रिटिश के खिलाफ विद्रोह की शुरूआत की गई थी, जिसे मोपला विद्रोह के नाम से जाना जाता है। यह विद्रोह मालाबार के एरनद और वल्लुवानद तालुका में खिलाफत आंदोलन के विरूद्ध आरम्भ हुआ था। इसमें अंग्रेजों द्वारा हिन्दुओं और मुस्लिमों के बीच दंगा करने का काफी प्रयास हुआ। जिसमें अंग्रेज असफल भी रहे। इसी को आधार मानकर विनायक दामोदर सावरकर ने 'मोपला' नामक उपन्यास को लिखा। इस विद्रोह में 43 ब्रिटिश सैनिक मारे गये और 126 सैनिक घायल हुए। लगभग 50000 क्रांतिकारियों को कारावास की सजा दी गई।

Tuesday

मधु प्रिया


# सद्भावना दिवस 20 अगस्त




भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी के जन्मदिवस की वर्षगांठ को प्रत्येक वर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। "सद्भावना दिवस" का उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के सभी लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देना है। प्रतिवर्ष सद्भावना दिवस 20 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन राजीव गांधी के जन्मदिन पर मनाया जाता है। इस दिन देशभर के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य अपने पूर्व नेता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देकर उनकी फोटो पर माल्यार्पण करते हैं तथा दीप जलाकर उन्हें याद करते हैं,और दिल्ली में स्थित राजीव गांधी के समाधि स्थल वीरभूमि में राजीव गांधी का परिवार, मित्र, रिश्तेदार और कांग्रेस पार्टी के मुख्य लोग वहां इकट्ठे होकर उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित करते हैं। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था।राजीव गांधी की मृत्यु के 1 वर्ष बाद सन 1992 में इसी दिन राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार की स्थापना की गई थी। 21 में 1991 को श्रीपेरंबदूर में लिट्टे द्वारा आत्मघाती बम विस्फोट में उनकी हत्या की गई थी। इस दिन के आयोजन का उद्देश्य राजीव गांधी के द्वारा किए गए उनकी अविस्मरणीय प्रयास, राष्ट्र प्रगति के कार्य तथा उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्ण योगदान को याद करना है ,साथ ही राष्ट्र प्रगति के लिए उनके जुनून और योगदान को पूरा करने के लिए करने के लिए सद्भावना दिवस मनाया जाता है। भारत एक विकसित देश बने और भारत का विकास ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, ऐसा राजीव गांधी चाहते थे और उनका यही मानना भी था।

# जयंती विशेष 20 अगस्त

राकेश कुमार




**राजीव गाँधी** *Rajiv Gandhi*, जन्म: 20 अगस्त, 1944, मुंबई; मृत्यु: 21 मई, 1991) भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के पुत्र और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौहित्र और भारत के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनका पूरा नाम **राजीव रत्न गांधी** था। राजीव गांधी भारत की कांग्रेस (इ) पार्टी के अग्रणी महासचिव (1981 से) थे और अपनी माँ की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री (1984-1989) बने।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 20.08.2024

## भारत रत्न

**भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है। इस सम्मान की स्थापना 2 जनवरी 1954 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद द्वारा की गई थी।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



दुनिया के सबसे बड़े गर्म रेगिस्तान सहारा में लगभग 10,000 साल पहले, झीलों, नदियों और प्रचुर वन्य जीवन वाला एक हरा-भरा क्षेत्र था। प्राचीन शैल चिन्हों और जीवाश्म अवशेषों से मिले साक्ष्य बताते हैं कि इस क्षेत्र में नाटकीय जलवायु परिवर्तन हुए थे।

# खेल सामान्य ज्ञान

**7. थॉमस कप जीतने वाला पहला यूरोपीय देश कौन सा था?**



डेनमार्क

**8. किस टीम ने पहला फीफा महिला विश्व कप जीता?**

संयुक्त राज्य अमेरिका

**9. हाल ही में संन्यास की घोषणा करने वाले दिनेश कार्तिक किस खेल से संबंधित हैं?**



क्रिकेट



**10. हाल ही में एलोर्डा कप 2024 में स्वर्ण जीतने वाली निखत ज़रीन किस खेल से संबंधित हैं?**

मुक्केबाजी

**11. हाल ही में खबरों में दिखीं मनिका बत्रा किस खेल से संबंधित हैं?**



टेबल टेनिस


**12. हाल ही में चर्चा में रहे बजरंग पुनिया किस खेल से संबंधित हैं?**



कुश्ती

20 अगस्त

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS




भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के संस्थापक अध्यक्ष

## श्री राम शरण शर्मा


की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 26 नवम्बर 1919 - मृत्यु- 20 अगस्त 2011

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
डिजिटल क्रांति के जनक,सूचना
तकनीकी के महानायक,पूर्व
प्रधानमंत्री आदरणीय
राजीव गांधी
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म- 20 अगस्त, 1944 - मृत्यु- 21 मई, 1991
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

20 अगस्त



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री

## राजीव गांधी

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

20 अगस्त 1944 - 21 मई 1991

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari